## खास-खबर

### सड़क सुरक्षा जागृति माह का आज अंतिम दिन

**विदिशा (निप्र)।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर जिले में आज 17 फरवरी तक 32वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागृति माह का आयोजन जारी रहेगा। आज समापन दिवस भी यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार जारी रहेगा। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन में यातायात पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्यों को पूर्ववत् प्रचारित किया जाएगा।

### व्यापक टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष

**विदिशा (निप्र)।** जिले में व्यापक टीकाकरण हेतु आगामी 22 फरवरी से मिशन इन्द्रधनुष प्रारंभ होगा। इस अभियान के अंतर्गत पात्र बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केएस अहिरवार ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष लोक स्वास्थ्य हित में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के समान ही महत्वपूर्ण है। दोनों गतिविधियों को संतुलित करने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मिशन इंद्रधनुष प्रारंभ होने जा रहा है।

### नहीं हो पा रहा नियमों का पालन

**गंजबासौदा।** शासन के दिशा निर्देशों का नगर में ठीक से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर पंकज जैन ने स्थानीय प्रशासन में बैठे अधिकारियों से साफ तौर से कहा था कि नवीन बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त किया जावे परंतु नपा के कर्मचारियों ने मात्र दुकानों को थोड़ा-थोड़ा पीछे खिसका दिया, टीनशेड हटा दिये, बाकी व्यवस्थिति जस की तस नहीं कराये गये। शहर में भी यही सब चल रहा है। शासन ने मिनी स्मार्ट सिटी के चलने वाले निर्माण कार्यों में व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिये सभी अवैध निर्माण कार्य हटाने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिये थे परंतु राजनीतिक दबाव और दबंगयाई के चलते व्यवधान बने अतिक्रमण नहीं हटे हैं। मोतिया नाले के ऊपर अतिक्रमण होने से पानी का रूकाव हो गया है इससे वार्डवासी परेशान हैं, गंदे रूके पानी में मृत पड़े कीड़े मकोड़े बदबू मार रहे हैं।

### बड़ी छठ पर होंगे धार्मिक आयोजन

**गंजबासौदा।** माघ शुक्ल पक्ष की बड़ी छठ पर भैरो बाबा की पूजन आरती के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। नगर में मिट्टी के बने घोड़ों की खरीदारी के साथ अन्य पूजन सामग्री श्रद्धालुओं ने खरीदी की। शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिद्ध स्थानों पर धार्मिक आयोजन आज होते रहेंगे। माह माघ के शुक्ल पक्ष में बड़ी छठ पड़ती है, जिसे मेह छठ पूजन कहा जाता है। गरीब श्रद्धालु अनेक धार्मिक पर्वों की परम्परा का पूरे श्रद्धाभाव से निर्वाहन कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं।

### सामूहिक सरस्वती पूजन के बाद पालक सम्मेलन आयोजित

**शाजापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुपाड़ा में मंगलवार को बसंत उत्सव के मौके पर सामूहिक सरस्वती पूजन किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य के मार्गदर्शन में पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावक, पालकों को बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों की कापियां भी दिखाई गई। पालक सम्मेलन में विद्यालय सम्बंधित अनेक बिंदुओं पर चर्चा एवं विचार-विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य दिनेश पालिवाल, बाबूलाल फुलेरिया, धनपाल चंद्रवंशी, सत्यनारायण पाटीदार, जगदीशचंद्र पाल, लक्ष्मी बैरागी, उर्मिला पाटीदार, प्रमिला शुक्ला, हर्षा श्रीवास्तव, भगवानसिंह कुमावत, महेश राठौर, संतोष पाटीदार, राकेश फुलेरिया, संतोष सोलंकी, अशोक पाटीदार, कमल हंसवाल आदि उपस्थित थे।

### संस्कृत नाट्य समारोह का त्रिदिवसीय आयोजन होगा उद्घाटन 18 को होगा

**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन द्वारा संस्कृत नाट्य समारोह का त्रिदिवसीय आयोजन पं.सूर्यनारायण व्यास संकुल में 18 से 20 फरवरी तक किया जायेगा। आयोजन में नाट्य दलों के द्वारा संस्कृत नाटकों की प्रस्तुति होगी। त्रिदिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम 6.30 बजे तीर्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री माखनसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मप्र जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री विभाष उपाध्याय एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। कालिदास संस्कृत अकादमी के प्रभारी निदेशक सुश्री प्रतिभा दवे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समापन 20 फरवरी को शाम 6.30 बजे उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में और वरिष्ठ रंगकर्मी श्री श्रीपाद जोशी की अध्यक्षता में आयोजित होगा। संस्कृत नाट्य समारोह के प्रथम दिन 18 फरवरी को शाम 6.30 बजे अभिज्ञान शाकुन्तलम की प्रस्तुति जयपुर राजस्थान की परम्परा नाट्य समिति द्वारा आयोजित की जायेगी।

# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप ने धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी का त्यौहार

## पीले वस्त्र धारण कर सरस्वती मां का किया पूजा-अर्चन

शाजापुर।

**जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप ने बसंत पंचमी के मौके पर मंगलवार को मां सरस्वती माता का पूजन-अर्चन बड़ी धूमधाम से किया। सभी सदस्यों ने पीले वस्त्र धारण कर पीले फूलों से मां की आराधना की। इस मौके पर ग्रुप की 13 वर्षीय बेटी द्वारा कठिन तपस्या किए जाने पर उसका बहुमान भी किया गया।**



वहीं ग्रुप की गतिविधियों में शामिल होकर विजेता रहे ग्रुप दंपत्तियों एवं बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप के अंवतिका रिजन चेयरमेन एवं शाजापुर ग्रुप अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि बसंत पंचमी के मौके पर विद्या की देवी सरस्वती का जन्म हुआ और इसी दिन से बसंत ऋतु का आगमन भी होता है। इस दिन से मौसम में सुहाना बदलाव आने लगता है। न ज्यादा ठंड होती है और न ही अधिक गर्मी।

ये त्योहार प्रत्येक साल माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। सरस्वती पूजन के दौरान ग्रुप के सभी सदस्य पीले रंग में नजर आए और उन्होने माता को पीले फूल चढ़ाए। इस दौरान 13 वर्षीय दर्शना धारीवाल द्वारा 45 दिनों की कठिन तपस्या कर उपधान तप किए जाने पर ग्रुप द्वारा उसका बहुमान किया गया। साथ ही ग्रुप की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप अध्यक्ष ने आगामी वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर मनोहर जैन, मनोज रामसणा, संजय कोठारी, महेश जैन, अभय जैन, राजीव जैन, राजेश गोलेछा, नरेश कोठारी, अरविंद जैन, पारस जैन, सचिन कोठारी, प्रमोद जैन, अभिनव भंडावत, दिनेश जैन, विकास जैन, अर्पण कोठारी, सौरभ नारेलिया, पुलकित नाहर, मंगलेश दुग्गड़, कपिल चौरडिया, अंकित कोठारी, अंकुश नारेलिया सहित ग्रुप महिलाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

### चलित प्रयोशाला से की 113 खाद्य पदार्थों की जांच, लोगों को किया जागरूक

**शाजापुर।** मिलावटखोरी के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य राज्य खाद्य प्रयोगशाला द्वारा मोबाईल वेन चलित लेब संचालित की जा रही है, जिसके तहत शाजापुर जिले में प्रतिमाह दो दिनों तक चलित वेन के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला कांग्रेस बस स्टैंड से कल निकालेगी पद यात्रा

**सीहोर।** जिला कांग्रेस 18 फरवरी गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पद यात्रा निकालेगी। पद यात्रा सुबह 10 बजे बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी पार्क तहसील चौराहा पर समाप्त होगी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के तत्वावधान में पदयात्रा का आयोजन 18 फरवरी गुरुवार को निकाली जाएगी। यात्रा सुबह ठीक 10 बजे बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क पहुंचेगी। जहां से गांधी जी को नमन करते हुए पदयात्रा ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रवाना होगी तथा इसका समापन ग्राम सेमरादांगी में होगा। इस दौरान तहसील कार्यालय में सीहोर एसडीएम को एक ज्ञापन भी दिया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर एवं समस्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षगणों, सेवादल अध्यक्ष, महिला कांग्रेस अध्यक्ष, युवक कांग्रेस अध्यक्ष, एनएसयूआई अध्यक्ष सहित कांग्रेस के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ अध्यक्षों ने समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में साथियों सहित शामिल होकर इस पदयात्रा को सफल बनाएं।

### गुरु दीक्षा ईश्वर से जोड़ती है : प्रदीप मिश्रा

**सीहोर।** गुरु मनुष्य के लिए ज्ञान का केंद्र है, गुरु दीक्षा ईश्वर से जोड़ती है। लेकिन बिना जप के गुरु मंत्र प्रभावहीन होता है। गुरु मंत्र का निरंतर जप जन्म कुंडली के एक घर को बदल देता है। उक्त विचार चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में चल रही सात दिवसीय शिव शक्ति महापुराण कथा के छठवें दिन भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने मंगलवार को भगवान गणेश और रिद्धि सिद्धी आदि के बारे में विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गुरु ही ज्ञान का पुंज है, गुरु मंत्र सभी सिद्धियों का मूल है। यदि व्यक्ति के जीवन में गुरु नहीं है तो वह ईश्वर के समीप नहीं पहुंच सकता है। भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरु से मंत्र दीक्षा ली थी।

## प्रकृति के परिवर्तन का महापर्व है बसंत पंचमी

गंजबासौदा।



माँ सरस्वती का अभ्युदय ब्रह्माजी की जिव्हा या भृकुटी से हुआ है। माँ सरस्वती ज्ञान, स्वर संगीत और जीवन में कमल की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। जिनके आशीर्वाद से प्रत्येक मनुष्य ज्ञान का सृष्टा बन सकता है। यह बात स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल में आयोजित बसंत पंचमी, महाप्राणा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जन्मोत्सव कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक कृष्णपाल सिंह चौहान ने कही। संस्था की संचालिका श्रीमती सुधा यादव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी पर्व जीवन में उल्लास का संदेश देता है। प्राचीन काल से शिष्य अपने गुरूओं के सानिध्य में माँ सरस्वती का पूजन कर ज्ञान प्राप्त करने के लिए अग्रसर होते रहे है। इस अवसर पर शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल ने यह मत कहो खुदा से मेरी मुश्किले बड़ी है, इन मुश्किलों से कह दो मेरा खुदा बड़ा है। गीत के माध्यम से जीवन में संघर्ष करने का संदेश दिया। छात्र रितिक रघुवंशी गौतम बुद्ध क प्रसंग के माध्यम से प्रेरणा दी है। सलोनी भार्गव, ने गीत के माध्यम से ईश्वर की आराधना की। नंदनी दांगी एवं स्मृति रघुवंशी ने गीत के माध्यम से सरस्वती माँ की प्रार्थना की। छात्र हर्षित भार्गव, देवांशी रघुवंशी, अक्षदा देशपांडे, वैष्णवी सिकरवार, वैशाली व्यास, सोम्या तिवारी ने संगीतमय सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माँ सरस्वती का पूजन किया। स्कूल के सौ से ज्यादा बच्चों ने माँ सरस्वती का पूजन कर ज्ञान देने की प्रार्थना की। इस मौके पर डॉ. विजय कुमार जैन, प्रशांत उंदवार, रिद्धी श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, प्रीति माथुर, दीपेश मीणा, विनीता झा, डॉली तिवारी, रूचि अग्रवाल, नीतू लोधी, विशाल कुशवाह, रामनारायण श्रीवास्तव, शिवसिंह यादव, अंकित गुप्ता सहित अन्य शिक्षक परिवार ने कविता पाठ कर महाप्राण सूर्यकांत निराला को स्मरण किया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में स्याही चढ़ाकर मांगा विद्या का वरदान

**उज्जैन।** शहर में बसंत पंचमी का पर्व सरस्वती मंदिर में विद्यार्थियों द्वारा स्याही चढ़ाकर तो महाकालेश्वर मंदिर में पीले और वसंती फूल अर्पित कर मनाया जा रहा है। पुराणों के अनुसार बसंत पंचमी पर देवी सरस्वती की साधना उपासना के साथ पूजा का विधान बताया गया है। इसी दिन से वसंतोत्सव भी प्रारंभ होता है। भगवान महालेश्वर को शाम 6.30 बजे गुलाल लगेगा। सुबह शुभ मुहूर्त में विद्यार्थी पानदरीबा स्थित सरस्वती माता के मंदिर पहुंचे और स्याही चढ़ाकर विद्या की कामना की। यहां अनेक लोगों ने सरसों के पीले फूल भी माताजी को अर्पित किये। बाजार में सरसों के फूल खरीदकर लोगों ने अलग-अलग मंदिरों में भी चढ़ाए। भगवान श्री कृष्ण की शिक्षास्थली महर्षि सांदीपनि आश्रम उज्जैन में बसंत पंचमी पर्व पर भगवान को पीले वस्त्र पहनाकर सरसों के फूलों से श्रृंगार कर आरती की गई।

# कलेक्टर द्वारा 125 से अधिक आवेदनों पर जनसुनवाई की गई

उज्जैन।

**कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा मंगलवार को बृहस्पति भवन में 125 से अधिक आवेदनों पर जनसुनवाई की गई। ग्राम उंडासा, बदरखा और पिंगलेश्वर के समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन दिया कि उज्जैन के प्राचीन सप्त सागरों में से एक रत्नागर सागर है, जो उंडासा में स्थित है।**

उक्त जलाशय गर्मी के मौसम में सूख जाता है। काफी समय से जलाशय का गहरीकरण नहीं हुआ है। सभी ग्रामवासी जन-सहयोग से जलाशय का गहरीकरण करना चाहते हैं। इसीलिये ग्रामवासियों को प्रशासन की ओर से जलाशय के गहरीकरण की अनुमति प्रदाय की जाये। कलेक्टर ने इस पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जयसिंहपुरा निवासी रमेश पिता रामचन्द्र बागड़ी ने आवेदन दिया कि उनके मकान पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है तथा व्यक्ति द्वारा प्रार्थी को डरा-धमकाकर काफी दिनों से जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इस पर एसडीएम सिटी को मामले की जांच करने के निर्देश दिये गये। पंवासा निवासी धापूबाई पति स्व.अंबाराम ने आवेदन दिया कि पिछले महीने उनके पति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। प्रार्थिया गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है तथा उनका एक पुत्र विकलांग है, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पति के देहान्त के बाद उन पर आ गई है। अतः उन्हें आर्थिक सहायता दिलवाई जाये। इस पर आयुक्त नगर पालिक निगम को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। तराना निवासी नर्मदा प्रसाद शिवहरे ने आवेदन दिया कि वे नगर परिषद तराना में सेवारत थे तथा तीन साल पहले सेवा निवृत्त हो चुके हैं, परन्तु उनके सातवे वेतनमान का बकाया एरियर उन्हें आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया गया है। अस्वस्थ होने के कारण वे बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने में असमर्थ हैं, इसीलिये उन्हें बकाया राशि का भुगतान करवाया जाये। इस पर उप संचालक नगरीय प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पांड्याखेड़ी मक्सी रोड निवासी रमेशचन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण ने आवेदन दिया कि उनके 10 वर्षीय पुत्र की पिछले वर्ष सितम्बर में पीलिया खाल में पैर फिसलने से डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। आवेदक मजदूरी कर अपना गुजर-बसर कर रहा है तथा अत्यन्त निर्धन होने के कारण बहुत परेशान है। उन्हें पुत्र की मृत्यु के पश्चात सहायता राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

## आजाद अध्यापक संघ ने अनुकम्पा नियुक्तियों में विसंगतियों-कठिनाइयों से अवगत कराया मुख्यमंत्री को

**विदिशा (निप्र)।** मध्यप्रदेष आजाद अध्यापक संघ ने अपनी विदिषा जिला शाखा के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुकम्पा नियुक्ति के कतिपय प्रकरणों में हो रही कठिनाई का मानवीय संवेदनाओं के साथ निराकरण करने का अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री संबोधित यह ज्ञापन संगठन की प्रान्ताध्यक्ष षिल्पी षिवान की ओर से संगठन जिलाध्यक्ष चन्द्रभूषण किरार ने अपने साथियों केषवसिंह रघुवंषी, भूपेन्द्र सिंह किरार, अजय सेन, अखिलेष नामदेव, पुष्पेन्द्र सिंह, कैलाष नारायण जाटव, सुखचन्द्र करोंचे, जमनाप्रसाद अहिरवार सहित संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं सहित कलेक्टर को प्रस्तुत किया। ज्ञापन में मॉग की गई है कि उच्च पद की षिक्षक पात्रता परीक्षा को अनुकम्पा नियुक्ति हेतु मान्य किया जाए। मृत अध्यापक के आश्रित को भी अनुकम्पा नियुक्ति के स्थान पर दिवंगत अध्यापक द्वारा आहरित वेतन 5 वर्षो तक दिए जाने का प्रावधान किया जाए। ऐसे प्रकरण जिनमें मृत अध्यापक संवर्ग की 7 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने के कारण प्रकरण का निराकरण कर 1 लाख रू. की राषि स्वीकृत की गई है अथवा राषि प्रदान की गई है, अतः जिन आश्रितों को राषि प्राप्त हो गई है उनसे राषि विभागीय खाते में जमा कराकर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पुनः विचार हेतु अभ्यावेदन प्राप्त किया जाए। अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवष्यक पात्रता परीक्षा की शर्त को समाप्त किया जाए।

## शह और मात में सहकारिता समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल, 45 दिनों तक के लिए हुई स्थगित

रायसेन।



**प्रदेश महासंघ सहकारिता के आव्हान पर जिले में 113 समितियों के समस्त कर्मचारी 13 दिनों से लगातार 7 घण्टें कलम बंद हड़ताल पर बैठते हुये यह निर्णय लिया गया था। कि 18 फरवरी को प्रदेश के 55 हजार सहकारी समितियों के समस्त कर्मचारी प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सामूहिक रूप से इस्तीफा सौपंगे। परन्तु सहकारिता मंत्री अरविन्द भदौरिया और संघ के पदाधिकारियों के बीच बनी सहमति के कारण 13 दिनों से चली आ रही कलम बंद हड़ताल को फिल्हाल तो 45 दिनों के लिये स्थगित कर दिया गया है।**

जानकारी के अनुसार महासंघ की और से अपने ज्ञापन में मांग की गई थी सहकारी समिति के प्रबंधक सहायक प्रबंधक विक्रेताओ लेखापाल लिपिक कम्प्यूटर आपरेटर भृत चौकीदार को मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारियों की भांति वेतन भत्ते बीमा एवं अन्य सुविधाओं का लाभ दिये जाने के लिये आदेश प्रसारित किये जाये। इस मांग पर विस्तृत चर्चा की गई तथा यह निर्णय लिया गया कि इस मांग तथा कर्मचारियों की सेवा शर्तों एवं भत्तों से संबंधित सभी मांगों पर पेक्स संस्थाओं की समीक्षा एवं अध्यन प्रतिवेदन के साथ महासंघ की उक्त मांग पर विचार करते हुये अपनी अनुशंसाये करने हेतु एक दल गठित किया जाये जिसमें सहकारिता विभाग तथा अपैक्स बैंक के संबंधित अधिकारियों महासंघ के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाये। दल में आवश्यकतानुसार खाद्य विभाग एवं विपणन संघ के अधिकारियों के उनसे संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा हेतु बुलाया जाये। यह दल अपनी अनुशंसाये 45 दिनों में आयुक्त सहकारिता को प्रस्तुत करेगा।

## स्वामी शांति स्वरूपानंद गिरीज महाराज का 45वां संन्यास दिवस श्रद्धापूर्वक मनया गया

### बारह ज्योतिर्लिंग के यज्ञशाला का भूमिपूजन संपन्न

उज्जैन।

**चारधाम मंदिर के पीठाधीश्वर निरंजनी अखाड़े के महामण्डलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी जी महाराज का 45वां सन्यास जन्मोत्सव संतों के समागम व भक्तों के बीच श्रद्धापूवक मनाया गया।**

45 वर्ष पूर्व बसंत पंचमी के दिन प्रयाग राज के कुंभ मेले में युग पुरुष महामण्डलेश्वर स्वामी परमानंद गिरी जी महाराज के सन्यास दीक्षा ग्रहण की थी। स्वामी जी का 45वां सन्यास जन्मोत्सव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि पिछले दिनों स्वामी जी की हृदय की शल्य चिकित्सा के उपरान्त आज भक्तों को स्वामी जी ने आशीर्वाद दिया। स्वामी जी ने आर्शीवचन देते हुए कहा कि 12 मई से 17 मई तक आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 14 मई को स्वामी परमानंद जी का सन्यास दिवस मनाया जाएगा। 14 मई को कार्यक्रम में भाग लेने की स्वीकृति बाबा रामदेव जी द्वारा दी गई है। स्वामी जी के द्वारा बाहर ज्योतिर्लिंग स्थापना का जो संकल्प लिया गया हैं आज उसी तारतम्य में महारुद्र यज्ञशाला का भूमिपूजन किया गया है। चारधाम की भांति बारह ज्योतिर्लिंग भी उज्जैन के धार्मिक महत्व एवं श्रद्धा का केंद्र बनेगा। बारह ज्योतिर्लिंग का निर्माण पूर्णता की ओर है। आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर यज्ञशाला का भूमिपूजन संपन्न किया गया है। आगामी 12 मई से 17 मई 2021 तक बारह ज्योतिर्लिंग स्थापना का कार्यक्रम राष्ट्रीय संतों के सान्निध्य में संपन्न होगा।

**Public Notice about change in the constitution of Firm With effect from 1st Day of October 2020**

NOTICE IS HEREBY GIVEN that the constitution of the partnership firm hereto before subsisting between the undersigned and Shri Pramod Kumar Soni and Shri Manish Gupta, vide deed of partnership dated 30th March 2018 for carrying on business of dealing in products of M/s Indian Oil Corporation or any other products etc. in the firm name and style as M/s DEVLI KISAN SEWA KENDRA at Bhopal has been changed. The Detail of change is as under:-

"Shri Nandlal Yadav partner of the firm has been retired on 01.10.2020"

131635 **Shri Pramod Kumar Soni and Shri Manish Gupta, Partner of M/s Devli Kisan Sewa Kendra Village Devli, Distt. Sehore**

**कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल**
(पुराना आर.टी.ओ. कार्यालय भोपाल)
प्रक. क्र. 1912/अ-6/20-21

**आम सूचना**

आवेदक अत्येन्द्र श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अंजूल निगम पुत्र/पुत्री स्व. श्री गिरजाशंकर श्रीवास्तव निवासी 49, ए-भवानी धाम फेस-1, नरेलाशंकरी भोपाल द्वारा आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर प्लाट क्रमांक 49-ए, ग्राम नरेला शंकरी स्थित खसरा क्रमांक 106/1, 106/1/2 के अंश भाग में से रकबा 968 वर्गफिट का फौती नामान्तरण चाहा है। अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। मेरी पद मुद्रा से आज दिनांक को जारी।

131636 सील **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी नजूल गोविन्दपुरा भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त जिला भोपाल (म.प्र.)**
(पुराना जिला पंचायत भवन जिला भोपाल)
871/अ-6/20-21 भोपाल दि. 15.2.2021
क्रमांक.../नजूल/बैरा.वृत्त/2018

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वावू यादव/भवानी सिंह निवासी शहर भोपाल ने नामांतरण करने विषयक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम लाऊखेड़ी तहसील हुजूर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 37, 38, 39/1 रकबा 1375 वर्ग भूमि का नामांतरण करने का निवेदन किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्रीराम गृह निर्माण सह. समिति के नाम भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 15/2/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

131637 सील **तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर वृत्त 1, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त जिला भोपाल (म.प्र.)**
(पुराना जिला पंचायत भवन जिला भोपाल)
869/अ-6/20-21 भोपाल दि. 15.2.2021
क्रमांक.../नजूल/बैरा.वृत्त/2018

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनीराम यादव/भवानी सिंह यादव निवासी शहर भोपाल ने नामांतरण करने विषयक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम लाऊखेड़ी तहसील हुजूर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 37, 38, 39/1 रकबा 1375 वर्ग भूमि का नामांतरण करने का निवेदन किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में श्रीराम गृह निर्माण सह. समिति के नाम भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 15/2/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

131638 सील **तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर वृत्त 1, भोपाल**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त जिला भोपाल (म.प्र.)**
(पुराना जिला पंचायत भवन जिला भोपाल)
806/अ-6/20-21 भोपाल दि. 15.2.2021
क्रमांक.../नजूल/बैरा.वृत्त/2018

**सूचना पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कंचन प्रभा अजीत कुमार निवासी शहर भोपाल ने नामांतरण करने विषयक आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम गोंदरमऊ तहसील हुजूर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 335/1 रकबा 2000 वर्ग भूमि का नामांतरण करने का निवेदन किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में हरभजन सिंह आत्मज उमराव सिंह के नाम भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज है। अतः उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किए जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति ग्राह्य योग्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 15/2/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

131639 सील **तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर वृत्त 1, भोपाल**

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. व्यवसायिक साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल के संचालक मण्डल के सदस्यों को निर्वाचन संस्था के साधारण सम्मेलन में संपन्न होना है। इस हेतु मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के आदेश क्रमांक /निर्वा.-3/21/899 दिनांक 10 फरवरी 2021 से अधोहस्ताक्षरी को रजिस्टीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतएव सोसाईटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन निम्न स्थानों पर मेरे द्वारा आज दिनांक 16 फरवरी 2021 को किया गया है। 1. संस्था कार्यालय के उपरोक्त दर्शित पते पर। 2. आयुक्त सहकारिता, म.प्र. विन्ध्याचल भवन भोपाल, 3. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक भोपाल, 4. विकास खण्ड कार्यालय ब्लाक फंदा पुराना सचिवालय भोपाल। सदस्यता सूची के संबंध में यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के सूची प्रकाशित होने की दिनांक से दिनांक 23.2.2021 तक मुझे कार्यालय आयुक्त सहकारिता म.प्र. विन्ध्याचल भवन भूतल भोपाल में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 24.2.2021 को समय 02.00 बजे से किया जाएगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन निर्धारित समय पर आपत्तिकर्ता उपस्थित हो सकते हैं। इस हेतु पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जाएगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा।

131640 **विरेन्दर सिंह सहकारी निरीक्षक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी म.प्र. व्यवसायिक साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड ई-6 अरेरा कालोनी, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक 62, मण्डल द्वारा (1) श्रीमती निर्मला एस. फ्रांसिस पत्नी श्री सेमसन डी फ्रांसिस (2) श्रीमती सुमित्रा पाटीदार पत्नी श्री कैलाश नारायण पाटीदार के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 30.3.2007 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 23.01.2017 को पंजीकृत है। इनमें से श्रीमती निर्मला एस फ्रांसिस पत्नी श्री सेनसन डी. फ्रांसिस द्वारा उक्त सम्पत्ति का अपना हिस्सा श्रीमती सुमित्रा पाटीदार पत्नी श्री कैलाश नारायण पाटीदार को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 7.06.2019 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से श्रीमती निर्मला एस फ्रांसिस पत्नी श्री सेनसन डी. फ्रांसिस का नाम विलोपित कर श्रीमती सुमित्रा पाटीदार पत्नी श्री कैलाश नारायण पाटीदार के एकल नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

131641 **सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल प्रक्षेत्र, गोमं. परिसर जवाहर चौक भोपाल**

**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सी.पी.आर.आई. कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल**
(पं. क्र./डीआरबी./959, दि. 11.12.2003)
क्र. /निर्वा/2021/03 भोपाल दि. 16.2.2021

**सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन विशेष साधारण सम्मेलन में संपन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, डी. ब्लाक पुराना सचिवालय जिला भोपाल, कार्यालय विकास खण्ड फंदा, जिला भोपाल एवं शाखा प्रबंधक इण्डियन ओवरसीज बैंक सी.पी.आर.आई. शाखा भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 16.2.2021 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 16.2.2021 से दिनांक 23.2.2021 तक कार्यालय उपायुक्त डी. ब्लाक पुराना सचिवालय जिला भोपाल में मुझे कार्यालयीन समय में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उपायुक्त सहकारिता डी. ब्लाक पुराना सचिवालय जिला भोपाल में दिनांक 24.2.2021 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

131642 **रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सी.पी.आर.आई. कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल**